

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

वर्ष 8+16 अंक137 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 04 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

# स्वच्छता संदेश के लिये सायकल आँन का ऐतिहासिक आयोजन संपन्न

सिवनी यशोः-स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत आयोजित सायकल आँन रैली में स्कूली बच्चों सहित सभी वर्गो में भारी उत्साह दिखाई दिया । शनिवार को मिशन स्कूल मैदान से सुबह 8.30 बजे प्रारंभ की गई साइकिल आन रैली करीब पांच हजार से अधिक प्रतिभागियों ने शहर निर्धारित मार्गों पर साइकिल दौड़ाई आयोजन में सर्वाधिक प्रतिभागी विद्यार्थी वर्ग के रहे जिन्होनें उत्साह और उमंग के साथ सायकल रैली में भाग लिया पिछले आठ वर्षो रहे इस आयोजन के प्रति प्रतिभागियों का विशेष आकर्षण रहता है । इस आयोजन को प्रशासन और समाज के द्वारा सहयोग और व्यापक सराहना प्राप्त होती है ।



**स्वच्छता की शपथ दिलाई**

शनिवार को आयोजित सायकल आँन रैली में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, कले टर क्षितिज सिंघल, पूर्व सांसद नीता पटेरिया, जिपं पूर्व अध्यक्ष मीना बिसेन, जिला शिक्षा अधिकारी एसएस कुमरे, जिला खेल अधिकारी मनु धुर्वे, नगर पालिका सीएमओ आरके कुर्वेती, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हजारों प्रतिभागियों की उपस्थिति में साइकिल आन के लिए ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान व स्वच्छता से संबंधित शपथ दिलाकर सभी प्रतिभागियों ने नगर के निर्धारित मार्ग पर साइकिल दौड़ाई। प्रतिभागियों के वापस मिशन स्कूल मैदान पहुंचने पर सांई सेवा समिति द्वारा स्वल्पाहार का वितरण किया गया। साथ ही समाजसेवियों द्वारा बच्चों को चाकलेट व बिस्किट वितरित किए गए।



**सिवनी विधायक ने सायकल से विधानसभा का दौरा करने की बात कही**

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि सायकल पर्यावरण की दृष्टि बहुत उपयोगी होने के साथ ही स्वास्थ्य जीवन के लिये भी बहुत उपयोगी है सायकल से सभी प्रकार के व्यायाम हो जाते है शरीर स्वस्थ्य रहता है । जहाँ तक संभव हो हर व्यक्ति को सायकल का उपयोग करना चाहिये । विधायक श्री राय ने कहा कि आगामी समय में मै इस संदेश को जन जन तक पहुँचाने के लिये पूरे विधानसभा का दौरा सायकल से करूंगा ।

पर्यावरण स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता के लिये आयोजित साइकिल रैली में हजारों विद्यार्थियों के सिवनी विधायक दिनेश राय, जिला कले टर, सहित प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता पर ध्यान देने और जागरूक करने का का प्रयास किया।


**प्रतिभागियों को परेशानी न हो इसका रखा गया ध्यान**

सभी के सहयोग से भव्यता के साथ शहर में साइकिल रैली निकाली गई। रैली में सावधानियां पूर्वक साइकिल चलाकर प्रतिभागियों ने जागरूकता का परिचय दिया। मैदान पर सायकल में हवा, पंचर या अन्य छोटी समस्याओं का निराकरण करने व्यवस्था दी गई। बच्चों ने तिरंगा झंडा, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य कई तरह के संदेश देकर नागरिकों को स्वच्छता व बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया।

**समाज की ओर से रहा अच्छा सहयोग**

मिशन स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर साइकिल रैली गणेश चौक, शुक्रवारी, नेहरू रोड, दुर्गा चौक, मठ स्कूल होकर छिंदवाड़ा चौक, महावीर मढ़िया, नगर पालिका चौक, बस स्टैंड, दलसागर चौपाटी, एमएलबी स्कूल से भैरोगंज चौक, कले टर निवास से सर्किट हाऊस, बाहुबली चौक, सिंधिया तिराहा से मिशन स्कूल मैदान पर समाप्त हुई। आयोजन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष और समिति के संरक्षक संतोष अग्रवाल, अध्यक्ष कपिल पांडे, जनक तिवारी, शिव सनोडिया, नरेन्द्र ठाकुर, संजय शर्मा, देवेन्द्र ठाकुर, मोनू मिश्रा, विनय सराफ, नरेश गोस्वामी, रुकमणी सनोडिया, रानी बघेल, बिंदू बघेल वंदना बैस, मनोज गोयल, मुकेश चंदेल, कविता शर्मा, आनंद शर्मा, प्रवेश बाबू भालोटिया, मुनिया टांक, मनोज नामदेव , एहफाज खान, घनश्याम बघेल, संजय शर्मा, संजय मंडल श्री बागड़, वाहिद कुरैशी सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

## पाँच हजार से अधिक प्रतिभागी हुये शामिल





**लकी ड्रा के माध्यम से प्रोत्साहन के लिये दी गयी 30 साइकिल**

लकी ड्रा में 30 साइकिल दी गई, इसमें 11 साइकिल पुरुष, 11 साइकिल महिला, एक साइकिल शिक्षक, एक साइकिल व्यापारी, एक साइकिल श्रामिक, एक साइकिल प्रिंट मीडिया व एक साइकिल इले ट्रानिक मीडिया को दी गई। साथ ही एनसीसी व स्काउट में 1 साइकिल बालक तथा एक साइकिल बालिका को दी गई। बेहतर साज सज्जा युक्त साइकिल प्रतिभागी को दी गई ।

**अंकित और पिंटू का स मान**

मंचीय कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने निरंतर काम कर रहे युवा अंकित मालू, साइकिल आँन का आकर्षक लोगो बनाने वाले डिजाइनर पिंटू तरवरे को स मानित किया गया। रैली के बाद लकी ड्रा के माध्यम से सभी निर्धारित श्रेणी में प्रतिभागियों को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया।

## पूर्व कले टर डॉ. श्याम सिंह कुमरे के पिता का निधन



सिवनी यशोः-जावरकाठी के निवासी ग्राम पटेल धन्ना लाल कुमरे कुछ दिनों से अवस्थ्य थे। जिनका इलाज भोपाल के निजी अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान 2 फरवरी 2024 को देर इनका निधन हो गया । पूर्व कले टर डाँ श्याम सिंह कुमरे के पिता स्वर्गीय धन्ना लाल कुमरे का अंतिम संस्कार 3 फरवरी 2024 को दोपहर 3 बजे इनके गृह ग्राम जावरकाठी (बरघाट) में किया जायेगा। दैनिक यशोन्नति परिवार ईश्वर से कामना करता है कि दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल कुमरे परिवार को दुःख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

## बगैर अनुमति कॉलोनी काटने पर स त कार्रवाई करें - मंत्री वर्मा

सिवनी यशोः- राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि बगैर अनुमति कॉलोनी काटने वालों के विरुद्ध स त कार्यवाही की जाये। मंत्री श्री वर्मा शुक्रवार को देवास में राजस्व महाअभियान की समीक्षा कर रहे थे। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि ऐसे व्यक्ति, जो बिना अनुमति के कॉलोनियाँ काटते हैं, उनके विरुद्ध जिला कले टर और राजस्व अधिकारी स ती से कार्यवाही करें। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने राजस्व महाअभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये पटवारी के साथ नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम भी गाँव जायें। गाँव में किसानों के साथ बैठकर उनकी राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान करें।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि किसी भी किसान को राजस्व संबंधी समस्या के लिये भटकना नहीं पड़े। इसी उद्देश्य से राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीमांकन प्रकरणों का निराकरण सभी पक्षों की मौजूदगी में करें, जिससे कोई विवाद की स्थिति न रहे।

## नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने पार्षदों से ले टर ने की चर्चा

सिवनी यशोः- नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने की कार्ययोजना को लेकर कले टर क्षितिज सिंघल ने शनिवार 03 फरवरी को कले ट्रेट सभाकक्ष में सभी पार्षदगणों से चर्चा की। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान,नेता प्रतिपक्ष ज्ञानचंद सनोडिया सहित अन्य सभी वार्डो के पार्षदगणों की उपस्थिति रही।


बैठक में सफाई व्यवस्था को लेकर लिए गए निर्णयानुसार सभी वार्डो में कचरा वाहन प्रतिदिन पूर्ण निर्धारित समय मे ही पहुचेंगे। सभी वाहनों का रूट चार्ट एवं लाइव जीपीएस लोकेशन पार्षदगणों के पास रहेंगी। सभी नगरवासियों को सूखा एवं गीले कचरें को पृथक- पृथक कर कचरा गाड़ी में डालने की अपील की जाएगी। सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं हाथ- ठेलों में खाने-पीने का सामान विक्रय करने वाले दुकानदारों को डस्टबिन की व्यवस्था करनी होगी। समझाइस के बाद भी बाहर खुलें में कचरा डालने वाले व्यक्तियों पर चलानी कार्यवाही नगरपालिका द्वारा की जाएगी। सर्व स मति से निर्णलय लिया गया कि नगरीय क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के सुदृढीकरण के लिए नियमित सफाई के साथ-साथ सप्ताह में एक बार सभी सफाई कर्मी एक साथ वार्ड की अभियान के रूप में सफाई करेंगे। इसके साथ -साथ सभी सफाई कर्मियों की उपस्थिति का समय भी प्रातः 7 से 11 बजे एवं दोपहर 2 से 4 बजे किया गया है। ऐसे सफाई कर्मी जो किसी अन्य किसी कार्य में संलग्न किए गए हैं, उनके मूल कार्य में वापस भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बैठक में भवन निर्माण के दौरान उत्पन्न वाले मलबे से यातायात के साथ ही सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की समस्या पर ऐसे सभी स्थानों को चिन्हांकित कर निर्माणकर्ता को चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के भीतर मलबा उठाने के निर्देश दिए जाएं, उक्तानुसार कार्यवाही न करने पर संबंधितों पर चलानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। इसी तरह खाली खुलें प्लॉटो में भी कचरा जमा होने की समस्या पर स बन्धित भूमि स्वामी को सफाई कराते हुए खाली भूमि को कवर करने के लिए निर्देशित किया गया।

## लालकृष्ण आडवाणी का भारत रत्न से स मान

### मु यमंत्री डॉ. यादव ने आडवाणी को दीं शुभकामनाएं


भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर शुभकामनाएं और बधाई दी है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जनसंघ के समय से आज तक सार्वजनिक जीवन में जिस प्रकार से श्री आडवाणी ने अपना स्थान बनाया, वह निस्संदेह प्रशंसनीय है। उन्हें संसदीय जीवन का लंबा अनुभव है। सामाजिक जीवन के साथ-साथ राजनैतिक जीवन में वे निरंतर सक्रिय रहे। उन्होंने पत्रकार के रूप में भी अपनी पहचाई बनाई। श्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से स मानित करने के लिए हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं। यह हम सबके लिए अत्यंत गौरव और आनंद का विषय है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार की ओर से भी श्री लालकृष्ण आडवाणी को शुभकामनाएं दीं हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में आज यह बात कही।



## प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक स पन्न कराया जाएगा

### पेपर लीक संबंधी भ्रामक और अवैधानिक गतिविधियों पर रोक के लिये होगी कठोर कार्यवाही

भोपाल । प्रदेश में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के सफलतापूर्वक संचालन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग सतर्कतापूर्वक कार्य कर रहा है। प्रदेश में कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 6 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा के प्रश्न पत्र गोपनीयता के साथ निर्धारित केन्द्रों तक पहुँचे और बच्चे तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षा दें, यह सुनिश्चित करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रहा है। आयुक्त, लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये विशेष कदम उठाये गये हैं।



**स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह के निर्देश**

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये थे। इसी के अनुपालन में विभाग समुचित कार्यवाही सुनिश्चित कर रहा है।

**प्रश्न पत्रों को लेकर सावधानी**

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा तय प्रकियाओं के अनुसार परीक्षाओं के संचालन के लिये तैनात अमले द्वारा मोबाइल का प्रयोग परीक्षा केन्द्र में नहीं किया जाएगा। प्रश्नपत्र का पैकेट परीक्षा केन्द्र में ही खोला जाएगा। परीक्षा कार्य से जुड़े अमले को विशेष निर्देश जारी किये गये हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बनाये गये परीक्षा कंट्रोल रूम में इस वर्ष लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय में एक मॉनिटरिंग रूम भी बनाया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रश्न पत्र की गोपनीयता बनाये रखने के लिये इस वर्ष सभी परीक्षा केन्द्रों के लिये कले टर द्वारा एक-एक प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई है, जो प्रश्न पत्र को थाने से परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा कक्षों तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने की कार्यवाही में शामिल रहेंगे। इस पूरी कार्यवाही को एप के माध्यम से भी मॉनिटर किया जाएगा। आयुक्त लोक शिक्षण ने बताया कि सोशल मीडिया के टेलीग्राम व्हाट्सएप आदि प्लेटफार्म पर पेपर लीक करने संबंधी अवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिये साइबर सेल द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसके लिये साइबर सेल और विभाग की बैठकें नियमित रूप से हो रही हैं।

**जन जागरूकता अभियान**

पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाये जाने और धोखाधड़ी का प्रयास करने जैसी अवैधानिक गतिविधियों से शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग व्यापक जागरूकता अभियान संचालित कर रहा है। इसके लिये स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह का वीडियो संदेश, लघु फिल्म, समाचार पत्रों, दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित ऐ स (ट्विटर) और फेसबुक जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी उपयोग किया जा रहा है। विभाग ने परीक्षा कार्य से जुड़े मैदानी अमले को बोर्ड के दिशा-निर्देशों का बड़ी सावधानीपूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये हैं।

**हेल्पलाइन**


माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड का टोल फ्री न बर- 1800-2330175 प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित हो रहा है। टोल फ्री नंबर पर बच्चों को परीक्षा में तनाव रहित रहने के उपाय के साथ अन्य उपयोगी जानकारी भी दी जा रही है।

## जबरन नॉलेज




त्रयोदशी संस्कार

जातस्य हि ध्रुवों मृत्यु र्ध्रुवं जन्म मृत्स्य च।
अर्थात् जन्मे हुये की मृत्यु निश्चित है और मरे हुये का जन्म निश्चित है।



जन्म तारीख 09/09/1969
गोलोक गमन 23/01/2024

प्रमोद शर्मा 'प्रखर'
संस्थापक संपादक- दैनिक दल सागर, सिवनी
आपकी कर्मठता, श्रमशीलता, ईमानदारी, सत्यता, कर्तव्यनिष्ठा सदैव हमारी प्रेरणा स्त्रोत रहेगी।
गंगाजली पूजन एवं तेरहवीं कार्यक्रम
दिनांक- 04 फरवरी 2024, दिन- रविवार
निज निवास- दैनिक दल सागर कार्यालय, आर्चीपुरम न्यू बारापत्थर, सिवनी
आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना व श्रद्धासुमन- 12 बजे से
शोकाकुल
श्रीमती रजनी शर्मा (पत्नी)
ऋषभ शर्मा (पुत्र)
पुत्री-श्रीमती ऋचा अमन शर्मा
प्रदीप शर्मा (भाई)
श्रीमती अंबिका शर्मा
एवं समस्त शर्मा परिवार
नोट- समयाभाव होने के कारण जिन्हें शोक संदेश प्राप्त नहीं हो पाया है, वे इसे ही शोक सूचना स्वीकार करें।

# आपात स्थिति में यात्रियों की जान बचाने में महत्वपूर्ण है एईडी सेवा - उप मु यमंत्री शु ल

**भोपाल एयरपोर्ट में स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर सेवा का शुभारंभ किया**

भोपाल। उप मु यमंत्री श्री राजेंद्र शु ल ने राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल में स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी) सुविधा का शुभारंभ किया। उप मु यमंत्री ने कहा कि राजा भोज हवाई अड्डे पर एईडी की स्थापना एक सराहनीय पहल है। यह हवाई यात्रा को और अधिक सुरक्षित बनाने में सहायक होगी। यात्रियों और कर्मचारियों के जीवन की रक्षा में यह सुविधा महत्वपूर्ण है। भोपाल एयरपोर्ट मध्य प्रदेश का पहला हवाई अड्डा है जहां इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। उप मु यमंत्री ने केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को इस सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया है। उप मु यमंत्री ने कहा कि भोपाल एयरपोर्ट में ए बुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी।

नागर विमानन महानिदेशालय के निर्देशानुसार यह सुविधा सभी हवाईअड्डों पर होना आवश्यक है। भोपाल विमानतल में 4 स्थल आगमन, प्रस्थान, सि योरिटी होल्ड एरिया एवं पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज में इस डिवाइस को स्थापित किया गया है। अपोलो सेज अस्पताल, भोपाल की टीम ने एयरपोर्ट में उपस्थित यात्रियों को एईडी के उपयोग पर डिमॉन्स्ट्रेशन दिया। विमानपत्तन निदेशक श्री रामजी अवस्थी, डीसी सीआईएसएफ़ श्री मान सिंह उपस्थित थे।

**या है स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी)**

स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी) एक पोर्टेबल इले ट्रॉनिक उपकरण है जो हृदय की धड़कन को सामान्य करने के लिए बिजली के झटके देता है। यह अचानक हृदय गति रुकने की स्थिति में तुरंत इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को गंभीर क्षति होने से बचाया जा सकता है।

**हृदय गति रुकने पर एईडी का उपयोग कैसे करें**

स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी) चालू करें और डिवाइस के निर्देशों का पालन करें। इले ट्रोड को व्यक्ति की छाती पर निर्दिष्ट स्थानों पर चिपकाएं। यदि एईडी झटका देने की सलाह देता है, तो डिवाइस के निर्देशों का पालन करें। एईडी का उपयोग करने के बाद सीपीआर जारी रखें, जब तक कि चिकित्सीय सहायता न पहुँच जाए।


यह महत्वपूर्ण है कि प्रशिक्षित चिकित्सक नहीं होने पर भी एईडी का उपयोग किया जा सकता है। एईडी स्वचालित रूप से व्यक्ति को झटका नहीं देगा जब तक कि उसकी आवश्यकता न हो। डिवाइस स्पष्ट और सरल निर्देश प्रदान करता है, जिसका पालन करके कोई भी व्यक्ति आपात स्थिति में मदद कर सकता है।

# प्रमाण सामने हैं अब हिन्दुओं को मिलें उनकी आस्था के स्थल

**ज्ञानवापी परिसर**

**सौरभ तामेश्वरी =**

रामजन्मभूमि आन्दोलन के समय साध्वी ऋतंभरा ने बड़े मंचों से 'कहो गर्व से हम हिन्दू हैं, हिन्दुस्थान हमारा है' का जो नारा लगाया वो हिन्दुओं को गौरव की अनुभूति तो कराता ही है. साथ ही यह भी बताता है कि सच में यह हिन्दुस्तान हमारा ही है, जहाँ अधिकतर स्थानों पर अपने आराध्य हैं. भारत में यह कहावत सच बैठती प्रतीत होती है है जिसमें कहा जा सकता है कि यहाँ का कंकर-कंकर शंकर है. भारत में हिन्दुओं की धार्मिक आस्था से जुड़े अनेक मंदिर मौजूद हैं, इतिहास में यह भव्यता से बनते थे.



एक ओर जहाँ हमारे वैभवशाली इतिहास की स्मृतियों में हिन्दुओं को गौरव के अवसर मिलते हैं. वहीं दूसरी तरफ अपने इतिहास के काले पन्नों में आक्रान्ताओं के अत्याचार दर्ज हैं, इन्होनें देश में आकर देश को लूटा और देश को गौरव का अनुभव कराने वाले मंदिरों को नष्ट कर उनपर अपने अधिकार जमाए. ऐसे अनेक स्थल हैं. इनमें भी सबसे महत्वपूर्ण अयोध्या, मथुरा और काशी के स्थल हैं जहाँ मंदिरों के ऊपर मस्जिद बनाकर हिन्दुओं की आस्था को दबा दिया गया. जिन्हें इन स्थलों की सच्चाई पता है वह ल बे समय से हिन्दुओं को यह जगहें सौंपने की मांग करते आये हैं, इनमें सिर्फ हिन्दू ही नहीं मुस्लिम भी शामिल हैं.

अयोध्या के मामले का बेहद शांतिपूर्ण निपटारा हो गया, अब काशी-मथुरा के मामले शेष बचे हैं. जनवरी माह में काशी से सुखद खबर आई है, यहाँ की ज्ञानवापी परिसर में हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वे में वहां भव्य हिन्दू मंदिर होने की पुष्टि हुई है. ज्ञानवापी को लेकर ल बे समय से चल रहे मामलों में एक सफलता ज्ञानवापी परिसर के 'व्यास तहखाने' में पूजन की अनुमति के रूप में मिली है.

यहाँ वर्ष 1993 के बाद से पूजन-पाठ नहीं हो रही थी, बिना किसी लिखित आदेश के उस समय की सरकार और जिला प्रशासन ने इसे बंद करा दिया था. गत 31 जनवरी को वाराणसी जिला कोर्ट से जिला प्रशासन को 7 दिवस के अन्दर पुजारी नियुक्त करने की बात कही थी. आदेश के अगले ही दिवस 'व्यास तहखाने' से पूजन की तस्वीरें सामने आयीं. लोगों ने यहाँ दर्शन भी किये, यह देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये.

ईश्वर में आस्था के प्रतीक मंदिरों से हिन्दू समाज का जुड़ाव दुनिया समझती है. अगर इन प्रमुख स्थलों के अधिकार हिन्दुओं को मिलेंगे तो इतिहास की गलतियों में सुधार की ओर एक कदम बढ़ जायेगा. यह देश में हिन्दू धर्म एवं मुस्लिम मत को मानने वालों के बीच उ दा समन्वय बनाने का बेहतर विकल्प है.

हिन्दुओं को काशी-मथुरा के लिए इतना इन्तजार कराना उचित नहीं ` योंकि इन पर उन्हीं का अधिकार है, इनकी सच्चाई ग्रंथों में दर्ज है. अब सब विभिन्न पहलुओं से इसकी सच्चाई सामने आ गयी है तो इन्हें उनके अधिकारियों को सौंप दिए जाएँ.

# राजस्व महाअभियान में अब तक सवा लाख प्रकरणों का निराकरण

## सीमांकन में दतिया, बंटवारा में शिवपुरी, नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला न बर-वन

भोपाल । प्रदेश में 15 जनवरी से शुरू हुए राजस्व महाअभियान में अब तक एक लाख 24 हजार राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। महाअभियान 29 फरवरी, 2024 तक चलेगा और इसमें समय-सीमा पार कर चुके नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेख दुरुस्ती के 2 लाख 44 हजार 352 प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिला और संभाग स्तर पर पहुँचकर महाअभियान की गतिविधियों की स्वयं समीक्षा कर रहे हैं।

महाअभियान में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में सीमांकन प्रकरणों दतिया जिले ने 100 प्रतिशत सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण में शिवपुरी जिला 93 प्रतिशत बंटवारा प्रकरणों का निराकरण कर प्रदेश में पहले स्थान पर है। नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिले ने 88 प्रतिशत नामांतरण प्रकरणों का निराकरण कर प्रदेश में नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में पहला स्थान बनाया है, जबकि अभिलेख दुरुस्ती में खण्डवा जिला कुल लंबित प्रकरणों में 52 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण कर पहले स्थान पर है।

प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने बताया कि 15 जनवरी से शुरू हुए राजस्व महाअभियान में 31 जनवरी तक कुल प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा में नामांतरण के समय-सीमा पार कर लंबित एक लाख 54 हजार 595 प्रकरणों में से महाअभियान के दौरान 89 हजार 718 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसमें सीहोर और शिवपुरी ने 88 प्रतिशत, अनूपपुर ने 83, देवास और ग्वालियर ने 78 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया है। बंटवारा के लंबित 31 हजार 180 प्रकरणों में से 15 हजार 82 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसमें शिवपुरी ने 93 प्रतिशत, झाबुआ-खरगौन ने 82 प्रतिशत और मण्डला-देवास ने 81 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया है। सीमांकन के 31 हजार 880 लंबित प्रकरणों में से 14 हजार 657 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसमें दतिया, पांढुर्णा ने 100 प्रतिशत, शिवपुरी ने 99, अशोक नगर ने 95 और ग्वालियर ने 92 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया है। अभिलेख दुरुस्ती के लंबित 26 हजार 697 प्रकरणों में से 4 हजार 554 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसमें खण्डवा 52 प्रतिशत, अलीराजपुर 50, उज्जैन 50, छिंदवाड़ा और सीहोर ने लंबित 45 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया है।

प्रमुख सचिव राजस्व ने बताया कि राजस्व महाअभियान के दौरान लगभग एक लाख प्रकरण दर्ज किये गये, जिनके निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। राजस्व महाअभियान में बी-1 वाचन का कार्य जिलों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्व अभियान में राजस्व रिकॉर्ड के वाचन, राजस्व न्यायालयों (आरसीएमएस) में लंबित प्रकरणों जैसे नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और रिकॉर्ड दुरुस्ती का समय-सीमा में निराकरण और ने शे में तरमीम आदि गतिविधियों को संपादित किया जा रहा है। राजस्व महाअभियान में की जा रही गतिविधियों की सतत निगरानी भी की जा रही है। इसके लिये महाअभियान डेशबोर्ड का संचालन राजस्व विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिससे राज्य, जिला और तहसील स्तर पर अभियान के दौरान हो रहे कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। अभियान के लिये राज्य शासन द्वारा सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। कले टर्स की निगरानी में चिन्हित गतिविधियों को संबंधित कार्य पूर्ण करने का कार्य प्रगति पर है। पटवारियों को मु यालय पर रहकर कार्यों को संपादित करने के निर्देश दिये गये हैं।

# जबलपुर में पुलिस ने देह व्यापार के गिरोह का किया खुलासा, 9 आरोपी गिर तार

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में से बड़ी खबर सामने आई है। जहां जिले में चल रहे देह व्यापार को लेकर पुलिस ने गिरोह का खुलासा कर 5 युवकों और 4 युवतियों को गिर तार किया है। बता दें यह कार्रवाई जिले के एसपी आदित्य प्रताप सिंह के निर्देश पर ग्वारीघाट, रामपुर चौकी और महिला थाना पुलिस ने संयुक्त रुप से की गई है।

जबलपुर जिले के एसपी को ल बे समय से सूचना मिल रही थी कि ग्वारीघाट थाना के अंतर्गत आस्था अपार्टमेंट के एक लैट में कुछ लोगों द्वारा देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था। जो कि जबलपुर ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में भी कर रहे थे। वहीं पुलिस को जानकारी मिली कि लैट में हर दिन कोई न कोई बदल-बदलकर आता था। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर और सूचना तंत्र के जरिए गिरोह के बारे में सारी जानकारी लेकर बीती रात 1 बजे पुलिस ने अपार्टमेंट में दबिश देकर आरोपियों को गिर तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में कुल 9 लोग थे। जिनमें पांच आदमी और 4 महिला शामिल हैं। हांलांक पुलिस को देखकर आरोपी भागने के फिराक में थे लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। सभी आरोपियों के खिलाफ देह व्यापार से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मध्यप्रदेश को कृषि उत्पादों के निर्यात में मिली बड़ी सफलता

## ओमान के लिये शुष्क सोयाबीन दूध पावडर की पहली खेप रवाना

भोपाल । कृषि प्र-संस्कृत खाद्य निर्यात प्राधिकरण (एपीडा) ने प्रदेश के कृषि निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। एपीडा के सहयोग से मध्यप्रदेश के ऐ सपोर्टर द्वारा ओमान के लिये शुष्क सोयाबीन दूध पावडर की पहली खेप की गाड़ी को हरी-झण्डी दिखाकर शुक्रवार को रवाना किया गया। इस अवसर पर एपीडा के जनरल मैनेजर डॉ. वी.के. विद्यार्थी, एपीडा के बोर्ड मे बर श्री संतोष गोयल, ऐ सपोर्टर मैसर्स बॉयोनाइट्रेंट्स प्रायवेट लिमिटेड भोपाल के प्रतिनिधि और इ पोर्टर मैसर्स इंटरनेशनल टूरिज्म रेस्टॉरेंट क पनी ओमान के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



भारत सरकार द्वारा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एपीडा निर्यातकों को अपने उत्पाद विदेशों में निर्यात करने में आवश्यक सहयोग मुहैया कराता है। एपीडा की मध्यस्थता से ओमान के साथ बॉयोन्यूट्रेंट (इण्डिया) प्रायवेट लिमिटेड के मध्य दीर्घकालिक अनुबंध हुआ है, जिसमें एक निश्चित मात्रा में शुष्क सोयाबीन मिल्क पावडर नियमित रूप से ओमान भेजा जायेगा। इसका प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को मिलेगा तथा कृषि उत्पादों के निर्यात की नई संभावनाओं का उदय होगा। एपीडा का मु य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुसूचित उत्पादों को बढ़ावा देना है। एपीडा के प्रयासों से देश के विभिन्न राज्यों से कई नये उत्पाद विदेशों में सफलतापूर्वक निर्यात किये जा रहे हैं।

ओमान को शुष्क दूध पावडर भेजने वाले निर्यातक ने बताया कि देश में उच्च प्र-संस्करण लागत के कारण सीमित मात्रा में विनिर्माण क पनियाँ सोया मिल्क पावडर का उत्पादन कर रही है। उन्होंने बताया कि उनकी क पनी देश में रियल, हल्दीराम और अन्य क पनियों को सोया मिल्क पावडर की आपूर्ति कर रहे हैं।

ओमान के इ पोर्टर ने बताया कि मध्य पूर्व के देशों में भारतीय उत्पादों की बहुत माँग है। उन्होंने बताया कि गुणवत्ता मानकों और खाद्य सुरक्षा मानदण्डों के पालन में कड़ाई होने से बाजार में स्थापित होने में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारत के ऐ सपोर्टर द्वारा सप्लाई किया जा रहा सोया मिल्क पावडर सभी परीक्षण मानकों पर खरा उतरा है। इसीलिये क पनी से दीर्घकालिक अनुबंध किया है और आशा है कि भविष्य में और भी इ पोर्टर भारतीय उत्पादों का आयात करेंगे।

# सफलता के लिये स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए

## महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया का विद्यार्थियों को संदेश

भोपाल । महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने आगामी 5 फरवरी से बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा है कि जीवन के हर मोड़ पर सफलता अर्जित करने के लिये दृढ संकल्प और पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा का डर हर किसी के मन में रहता है परंतु हमें इस डर पर काबू पाना है। सफलता के लिये किसी और से नहीं, स्वयं से ही प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि अनेकों बार ऐसा भी होता है कि हमें हमारी उ मीदों के अनुरूप परिणाम नहीं मिलते हैं और हम निराश हो जाते हैं, हार मान लेते हैं। मध्यप्रदेश में परीक्षा में किसी भी कारण से असफल हुए विद्यार्थियों को निराश होने की जरूरत नहीं,` योंकि विद्यार्थियों को %रूक जाना नहीं% योजना के अंतर्गत दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा की तरह इस बार भी बच्चों को परीक्षा के तनाव से बचने के लिये उनसे संवाद किया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने टाइम मेनेजमेंट पर जोर देने की बात कहते हुए कहा कि परीक्षा हॉल में हमेशा समय से पहले पहुँचे, गहरी सांस लीजिए, इससे आपको तनाव नहीं महसूस होगा। हमेशा प्रश्न पत्र को पढ़े और उन्हें हल करने का समय तय कर लें।

महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने विद्यार्थियों के माता-पिता को समझाइश देते हुए कहा कि वे अपनी उ मीदों का बोझ बच्चों पर न लादें। हर बच्चा अपने-आप में विशेष होता है और उनकी क्षमताएँ अलग-अलग होती हैं। बच्चों को परीक्षा से तनाव न हो इसके लिये माता-पिता इस दौरान उनसे सकारात्मक संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित करें और बताएँ कि उनकी आपके जीवन में या अहमियत है। श्रीमती भूरिया ने परीक्षा के लिये बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह समय केवल परीक्षा की तैयारी का है। नकारात्मकता छोड़ आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें और सफलता पाएं

# तालाबों व जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए जनभागीदारी से अभियान चलाया जाएगा - मु यमंत्री डॉ. यादव

**प्रदेश के वेटलैंड क्षेत्रों की रामसर साइट्स के रूप में पहचान के लिए होंगे प्रयास**

**इंदौर शीघ्र ही रामसर साइट के रूप में जाना जाएगा**

**विश्व वेटलैंड दिवस पर रामसर साइट सिरपुर इंदौर में हुए कार्यक्रम में मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

भोपाल। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तालाबों व जल स्त्रोतो के संरक्षण के लिए प्रदेश में जनभागीदारी से गतिविधियों को अभियान का रूप दिया जाएगा। इंदौर के तालाबों के साथ-साथ प्रदेश के अन्य वेटलैंड क्षेत्रों को रामसर साइट के रूप में घोषित कराने का प्रयास किया जाएगा। विश्व के सभी देशों में केवल भारत में ही देश को माता स्वरूप माना जाता है। वसुधैव कुटु बकम का सिद्धांत यह प्रतिपादित करता है कि संपूर्ण वसुधा हमारे लिए कुटु ब के समान है। हमारी संस्कृति में सभी प्रकार के जीव-जंतु, नदी-पहाड़-पर्वत में ईश्वर का स्वरूप माना गया है। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पौधों में जीवन होने के तथ्य को प्रमाणित करने वाले नोबल पुरस्कार से स मानित वैज्ञानिक श्री हरगोविंद खुराना ने कहा था कि पेड़-पौधों में प्राण होने का विश्वास भारतीय मानस में सांस्कृतिक रूप से रचा-बसा है। उन्होंने विश्व में इस मान्यता को स्थापित करने मात्र के लिए वैज्ञानिक रूप से इसे प्रमाणित किया। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव विश्व वेटलैंड दिवस 2024 पर इंदौर के रामसर साईट सिरपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**यशवंत सागर के कमल और सिरपुर की जलकुंभी से बने पुष्पगुच्छों से हुआ अतिथियों का स्वागत**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व वेटलैंड दिवस पर देश में वेटलैंड के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों और वेटलैंड से प्राप्त होने वाले विभिन्न प्रकार के पदार्थ तथा उत्पादों पर लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ कर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मु यमंत्री डॉ. यादव को यशवंत सागर के कमल और सिरपुर की जलकुंभी से बने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।



मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि काल के प्रवाह में आई विसंगतियों के परिणामस्वरूप हमारे प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित हुए। इंदौर में 300 साल पहले निर्मित हुआ सिरपुर तालाब पेयजल की आपूर्ति करता था। बदली जीवनशैली के परिणामस्वरूप घरों से निकलने वाले वेस्ट वॉटर के कारण हमारे कई जल स्त्रोत प्रदूषित हुए हैं। परिणामस्वरूप केवल जल ही नहीं खराब हुआ अपितु स पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन आया है, पेड़-पौधे-पक्षी प्रभावित हुए हैं। इस परिस्थिति में इन जल स्त्रोतों को बचाने की बहुत आवश्यकता है। यशवंत सागर, रामसर साइट पहले से ही था और सिरपुर भी रामसर साइट बना है। अब इंदौर को रामसर सिटी बनाने की बात स्वागत और बधाई योग्य है।

**राज्य सरकार तालाबों को बचाने लिए रामसर सचिवालय को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल स्त्रोतों में परस्पर संबंध होने के परिणामस्वरूप इंदौर के तालाबों की परिस्थिति में सुधार से क्षिप्रा नदी में भी सुधार आएगा। जल का बढ़ता दुरूपयोग हम सभी के लिए चिंता का विषय है।

इसमें सुधार के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वित रूप से कार्ययोजना बनाकर समाज को साथ लेते हुए इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार तालाबों को बचाने के पुनीत कार्य में रामसर सचिवालय को हरसंभव सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

**मु यमंत्री डॉ. यादव ने देश के रामसर साइट्स के फूलों की डॉ यूमेंट्री सहित किया अन्य पुस्तकों का विमोचन**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा वेटलैंड के रखरखाव पर विकसित मार्गदर्शिका, जर्नी ऑफ़ वैटलैंड कंजर्वेशन इन इंडिया, भारत की रामसर साइट्स पर केंद्रित पुस्तिका तथा बोटैनिकल सर्वे ऑफ़ इंडियन लोरल डॉ यूमेंट्री आफ रामसर साइट्स पुस्तकों का विमोचन किया। मु यमंत्री डॉ. यादव ने वेटलैंड अमृत धरोहर और वेटलैंड के गाइड्स के लिए प्रशिक्षण सामग्री का डिजिटल विमोचन भी किया। इसके साथ ही वेटलैंड फॉर लाइफ विषय पर होने वाले फिल्म फेस्टिवल का टीजर भी जारी किया गया। कार्यक्रम में बलोदा बाजार छत्तीसगढ़ के बच्चों द्वारा वेटलैंड के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

**कुंओं, तालाबों और जल स्त्रोतों का स मान हमारे संस्कार से जुड़ा है - मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय**

नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कुंओं, तालाबों और जल स्त्रोतों का स मान और उनके प्रति श्रद्धा भाव हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं और यह हमारे संस्कार से जुड़े हैं। उनकी बर्बादी केलिए भी हम ही जि मेदार हैं, लेकिन अब जल स्त्रोतों के संरक्षण और उन्हें साफ-सुथरा रखने के लिए समाज में जागरूकता आई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस दिशा में हुए कार्यों से लोगों की सोच बदली है। जल स्त्रोतों के संरक्षण में जनभागीदारी को निरंतर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इंदौर` लीन सिटी तो बन गई है, साथ ही इंदौर को वेटलैंड सिटी के रूप में भी पहचान मिले इस दिशा में भी प्रयास करने की जरूरत है।

**तालाबों के संरक्षण में भी इंदौर मिसाल प्रस्तुत करेगा - मंत्री श्री सिलावट**

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने अतिथियों का देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में स्वागत करते हुए कहा कि इंदौर जो भी करता है, वह अद्भुत करता है और उसकी छाप राष्ट्र के पटल पर अंकित होती है। तालाबों व अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण के क्षेत्र में भी इंदौर मिसाल प्रस्तुत करेगा।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत में जल संरक्षण और जैव विविधता को बचाने के लिए सराहनीय कार्य हुआ - डॉ. मु बाशा**

रामसर सचिवालय की महासचिव डॉ. मुसोंदा मु बाशा ने कहा कि भारत में 1982 में मात्र दो रामसर साइट्स थीं, जो अब बढ़कर 80 हो गई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में जल संरक्षण और जैव विविधता को बचाने के लिए जारी कार्य सराहनीय और प्रेरणास्पद है। शीघ्र ही इंदौर को रामसर सिटी के रूप में जाना जाएगा।

**कार्यक्रम में रामसर साइट्स के प्रबंधकों सहित 200 से अधिक विशेषज्ञ हुए स मिलित**

कार्यक्रम में पर्यावरण एवं वन मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार, इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, स्थानीय विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ तथा देश के सभी राज्यों वेटलैंड प्राधिकरण के अधिकारी, वैज्ञानिक और देश के रामसर साइट्स के प्रबंधकों सहित 200 से अधिक विशेषज्ञ स मिलित हुए।

**तालाबों के प्रति जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है विश्व वेटलैण्ड्स दिवस**

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 02 फरवरी को विश्व वेटलैण्ड्स दिवस मनाया जाता है। इस दिन 1971 में ईरान के रामसर शहर में तालाबों को बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। तालाबों के प्रति जागृति लाने के उद्देश्य से ये दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ''Wetlands and Human Wellbeing'' है। इसका मु य उद्देश्य यह रेखांकित करना है कि तालाबों का संरक्षण और मनुष्यों के कल्याण का अंतर्संबंध हैं और तालाब और मनुष्य परस्पर एक दूसरे पर निर्भर हैं।

# 8 एकड़ में सिंचाई कर रही सौर ऊर्जा सूक्ष्म परियोजना कले टर ने की समूह के कार्यों की सराहना



मंडला यशोः- मोहगांव विकासखंड के भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ग्राम कु हर्रा में सौर ऊर्जा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का अवलोकन किया। इस परियोजना के माध्यम से 14 परिवारों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही 8 एकड़ में सिंचाई करते हुए कृषि एवं उद्यानिकी कार्य को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए ग्राम के स्व सहायता समूह द्वारा कृषि विभाग, आजीविका परियोजना, मनरेगा एवं प्रदान संस्था के सहयोग से सौर ऊर्जा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना संचालित की गई। इस परियोजना में 550 किलोवाट की मोटर लगाई गई है जिससे कृषि कार्य के लिए पानी प्रदाय किया जा रहा है। पानी की उपलब्धता होने पर पोषणवाटिका भी लगाई साथ ही किसान अब बहुस्तरीय सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। लाभान्वित हितग्राही लमिया बैगा ने बताया कि इस परियोजना के चालू होने से उसके खेत का उत्पादन बढ़ा है जिससे उसकी आमदनी में इजाफा हुआ है। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने इस प्रयास की सराहना की तथा अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह की परियोजनाएं प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

# कले टर ने किया मोहगांव, घुघरी क्षेत्र का भ्रमण

## राजस्व महाभियान एवं प्रधानमंत्री जनमन अभियान सहित अन्य योजनाओं की देखी जमीनी हकीकत

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शुक्रवार को मोहगांव तथा घुघरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए राजस्व महाभियान एवं प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत देखी तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से मुलाकात की। इस दौरान एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



**गांव में ही लिए जाएंगे राजस्व संबंधी मामलों के आवेदन**

भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मोहगांव विकासखंड के ग्राम कु हर्रा में उपस्थित ग्रामीणों को राजस्व महाभियान के दौरान संचालित गतिविधियों से अवगत कराया। कले टर ने कहा कि अभियान के दौरान राजस्व संबंधी मामलों के आवेदन गांव में ही लिए जाकर समय सीमा में उनका निराकरण किया जा रहा है। प्रकरण की प्रकृति के आधार पर निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने फौती, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, त्रुटिसुधार आदि की प्रक्रिया के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने राजस्व महाभियान के दौरान की गई कार्यवाहियों के अभिलेख भी देखे।

**बैगाओं से लिया जनमन अभियान का फीडबैक**

कले टर ने ग्राम कु हर्रा में बैगाओं से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान का फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने बताया कि पीएम जनमन अभियान के दौरान ग्राम के 14 बैगाओं के नवीन आवास स्वीकृत किए गए हैं। डॉ. सिडाना ने हितग्राहियों से कहा कि प्राप्त राशि का बेहतर उपयोग करते हुए अच्छा मकान बनाएं। उन्होंने अभियान के दौरान आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान पंजीयन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, किसान स मान निधि, केसीसी, पात्रता पर्ची आदि के संबंध में किए गए कार्यों के अभिलेख देखे तथा निर्देशित किया कि कोई भी बैगा योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

**समय पर अदा करें नल जल योजना की राशि**

ग्राम कु हर्रा के भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने नल जल योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए ग्रामीणों से आव्हान किया कि योजना के संचालन तथा रखरखाव में सहयोगी बनें। प्रत्येक परिवार नल जल योजना के लिए निर्धारित राशि प्रतिमाह जमा करें। ग्राम की योजना का संचालन ग्रामवासियों की जि मेदारी है। कले टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम के जो टोला शेष बचे हैं उनका भी डीपीआर तैयार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**आंगनवाड़ी केन्द्र को आकर्षक बनाएं**

कले टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र कु हर्रा के निरीक्षण के दौरान भवन की साफ-सफाई तथा बच्चों की उपस्थिति पर ध्यान नहीं दिए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि भवन की आवश्यक मर मत कराते हुए उसे आकर्षक स्वरूप प्रदान करें। मीनू का स ती से पालन करें। आंगनवाड़ी द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाएं प्रत्येक हितग्राही को मिलनी चाहिए। कले टर ने पोषण आहार, टीकाकरण, दवा वितरण आदि के संबंध में भी जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए।

**तहसील न्यायालय का निरीक्षण**

भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने घुघरी में एसडीएम तथा तहसील न्यायालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण को समय पर निराकृत करने का प्रयास करें। राजस्व न्यायालयों से जारी होने वाले आदेशों के अमल पर ध्यान दें। समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने वाले पटवारियों पर नियमानुसार कार्यवाही करें। कले टर ने कहा कि न्यायालय की कॉज लिस्ट आरसीएमएस पोर्टल से जनरेट करें। निरीक्षण के दौरान कले टर ने विभिन्न शाखाओं मं जाकर अभिलेखों का अवलोकन भी किया।

**स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण की योजना बनाएँ**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुघरी के निरीक्षण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रदाय की जा रही सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिकलसेल एनीमिया सहित अन्य जांचों के संबंध में स्टॉफ को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करें। चिकित्सालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान कले टर ने कार्यरत स्टॉफ, दवाओं की उपलब्धता आदि के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

**नोटिस देने के निर्देश**

भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने पदमी से सलवाह मार्ग के निर्माण कार्य भी अवलोकन किया। केवल 2 संरचनाओं पर कार्य होते पाया गया, जिनमें भी श्रमिकों की सं या अत्यंत कम थी। इसी प्रकार सड़क में भी किसी प्रकार का कार्य नहीं चल रहा था जिस पर उन्होंने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# 49 नग गौवंश की तस्करीः कुरई पुलिस ट्रक किया पकड़ा

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को गौवंश तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है उक्त आदेश के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट ललीत गठरे के मार्गदर्शन में गौवंश परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु लगातार पुलिस थाना कुरई के द्वारा कार्यवाही की जा रही है दिनांक 03/02/2024 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जबलपुर तरफ से एक दस चक्का ट्रक क्रमांक एम.एच.34 बी.जी. 1487 पर मवेशी भरकर नागपुर हैदराबाद के तरफ ट्रक जाने वाला है सूचना मिलने पर नेशनल हाईवे नागपुर तरफ जाने वाले मार्ग थाने के सामने वाहन चेकिगं लगाई गई और थाने से करीबन 07 कि.मी. आगे नागपुर मार्ग ग्राम पचधार पर भी वाहन चेकिंग लगाई गई, तभी वाहन ट्रक एम.एच. 34 बी.जी. 1487 सिवनी तरफ से आते दिखाई दिया रोकने पर चालक के द्वारा नही रोका गया। जिसका पीछा करने पर ग्राम पचधार के पास भी वाहन चेकिंग लगी होने से ट्रक चालक ट्रक को छोडकर घनें जगंलो में भाग गया वाहन ट्रक का तिरपाल हटाकर देखने पर वाहन ट्रक पर लकडियों का पटरा लगाकर डबल छल्लियो से भरा गया था जिसमें बुढे कमजोर 49 नग नाटा बैल भरे मिले। जो उक्त मवेशी मय ट्रक के जप्त कर, मवेशियों को गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाया गया है। वाहन ट्रक चालक एवं स्वामी के विरूद्ध गौवंश की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय भूमिका- थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण सिंह झारिया, सउनि डी.एल. सल्लाम, आरक्षक सतेन्द्र चन्द्रवंशी, आरक्षक अविनाश पाण्डेय, आरक्षक महेन्द्र राहगंडाले, सैनिक प्रकाश चंगेला।

# शक्तिवंदन संपर्क अभियान के संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते

**एनजीओ एवं स्वसहायता समूह के साथ चाय पर हुई चर्चा**

मण्डला यशोः- भारतीय जनता पार्टी के शक्तिवंदन कार्यक्रम के तहत एनजीओ एवं स्वसहायता समूह के संवाद एवं समूह के साथ चाय पर चर्चा पर आयोजित कार्यक्रम में मु य वक्ता के रूप में केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अनेक क्रांतिकारी निर्णय लिये हैं, जिसमें महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना प्रमुख है योंकि महिलाएं देश और समाज के विकास में निर्णायक भूमिका निभाने में सक्षम हो सकें तथा देश के प्रत्येक क्षेत्र में मातृशक्ति नेतृत्व कर सकें। श्री कुलस्ते ने कहा कि इस अभियान का मु य उददेश्य महिला स्वसहायता समूहों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हे




आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा शक्ति वंदन अभियान के तहत निरंतर एनजीओ एवं समूह की मातृशक्तियो के साथ निरंतर संपर्क व संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाओं का हर संभव मदद दिलाने में सहयोग करें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने कहा कि मण्डला जिले में महिलाओं की जनसं या लगभग 50 प्रतिशत है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार की केंद्र व राज्य की योजनाओं का लाभ जिले की प्रत्येक महिलाओं को मिले इसके लिए शक्तिवंदन संपर्क अभियान के माध्यम से सतत् संवाद व संपर्क स्थापित कर मातृशक्तियों को हर संभव मदद पहुंचाई जा सकती है। इसके लिए भाजपा महिला मोर्चा की पूरी टीम जमीनी स्तर पर प्रयास कर भाजपा सरकार की महिलाओं की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाकर उसका लाभ महिलाओं को सीधे पहुंचाने का कार्य कर सकेंगे साथ ही आने वाले चुनाव में महिलाओं को शत्प्रतिशत मतदान के लिए जनजागरण अभियान चलाकर उनकी भागीदारी सुनिश्चत की जाये। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में महिला स्वसहायता समूह व एनजीओ की सकारात्मक भूमिका निभाने वाले मातृशक्तियों का स मान किया जायेगा। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित स्वसहायता समूह एनजीओ की महिला सदस्यों से केंदीय मंत्री श्री कुलस्ते जी ने परिचय प्राप्त किया तथा उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री भगवती श्रीधर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू कछवाहा, सुषमा मिश्रा,उमा यादव, मुक्ता जोशी, अनीता तिवारी,शीतल वैष्णव सहित मोर्चा पदाधिकारी एवं एनजीओ स्वसहायता समूह की प्रतिनिधि उपस्थित थी।

# आईटीआई में सुजुकी मोटर का प्लेसमेंट ड्राइव 8 फरवरी को

मंडला यशोः- शासकीय आईटीआई मंडला में 8 फरवरी 2024 को प्रातः 10 बजे से सुजुकी मोटर क पनी, गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में टर्नर, फिटर, मशीनिष्ट, इले ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, ट्रे टर मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, ट्रेड से आईटीआई पास प्रशिक्षणार्थी जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष है, केवल पुरुष अ यर्थी स मिलित हो सकते हैं। अ यर्थियों का चयन लिखित एवं मौखिक परीक्षा के आधार पर होगा। चयनित अ यर्थियों को क पनी द्वारा सीटीसी 21000 रूपये प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किये जायेंगे। इच्छुक अ यर्थी अपने मूल दस्तावेज, 10वी, 12वी एवं आईटीआई की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड के दो फोटोकॉपी, तीन पासपोर्ट साइज़ फोटो एवं शैक्षणिक बायोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 9 को

मंडला यशोः- जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 9 फरवरी 2024 को दोपहर 2 बजे से अध्यक्ष जिला पंचायत संजय कुशराम की अध्यक्षता में होगी। जिला पंचायत सभाकक्ष में होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, विश्वकर्मा योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, कृषि एवं मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, सिकलसेल एनीमिया, महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। संबंधितों से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

# कले टर ने लिया परीक्षाओं की तैयारियों का जायजा

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शुक्रवार को जिला मु यालय के परीक्षा केन्द्र उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण करते हुए बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा, कक्ष की उपलब्धता, प्रवेश प्रक्रिया, शिक्षकों की ड्यूटी, बिजली, पेयजल सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी स्वयं भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियां पु ता कराएं, तथा




समस्त बीईओ एवं एपीसी को परीक्षा केन्द्र आवंटित करते हुए शतप्रतिशत केन्द्रों की जांच कराते हुए संबंधित शिक्षकों की ब्रीफिंग कराएं। पेयजल सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# डाक विभाग के जि मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों से झाड़ रहे पल्ला

**.पीड़ित बेसहारा लोगों को कर रहे परेशान**

**.एक महिला को कटे फटे नोट देकर कर रहे परेशान**

मण्डला यशोः- मु यालय के डाक घर में कर्मचारियों की लापरवाही के अनेक मामले सामने आ चुकें है। जिसकी शिकायत भी पीड़ितो के द्वारा की जा रही है लेकिन डाक विभाग के बड़े अधिकारी इन शिकायतों को दबा रहे हैं और पीड़ित परेशान हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कटे फटे नोट देने का सामने आया है। खाताधारी सोना यादव पति शिवा




यादव निवासी स्वामी सीता राम वार्ड मण्डला ने बताया कि 31 जनवरी को आरडी खाता क्रमांक 4825870954 को बंद करवाया गया था। जिसका कुल भुगतान राशि 2 लाख 30 हजार मेरे को भुगतान किया गया। मेरे गोद में मेरी 4 माह की बेटी होने के कारण और पोस्ट ऑफिस में विश्वास होने के कारण में घर चली गई घर जाकर जब मैनें राशि को चैक किया तो 500 रूपए की गढढ़ी में 12 नोट जो की कटे-फटे कागज लगे और एक नोट 500 रूपए का संदिग्ध पाया गया मैने पोस्ट ऑफिस जाकर संपर्क की तो मुझे काउन्टर लर्क ने पीछे बैठे अधिकारी अमित द्विवेदी के पास भेज दिया गया। मैने उनसे संपर्क किया तो उन्होने सीधे कह दिया की ये नोट हमारे पोस्ट आफिस के नहीं है यह कह कर मुझे वापस भगा दिया गया। पीड़ित को 6 हजार 500 रूपए की चपत लग रही है और बड़े अधिकारी इस मामले पर ध्यान नही दे रहे हैं। यह पूरी तरह प्रयोजित मामला है। जिसमें डाक घर के कर्मचारी मिले हुए हैं जो महिला खाताधारियों को देखकर ऐसे नोटो को गड्डी के अंदर भरकर टिका देते हैं। इसके पहले भी डाक घर के एक कर्मचारी के द्वारा खाताधारी से राशि लेने के बाद भी खाते में राशि जमा नही की गई है इस मामले की भी शिकायत खाताधारी के द्वारा की गई है। एक तरफ केन्द्र सरकार डाक घर को बढ़ावा दे रही है नई-नई योजनाएं ला रही है तो दूसरी तरफ डाक घर के अधिकारी और कर्मचारी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।

# गांव चलो अभियान की ग्रामीण मण्डल मण्डला की कार्यशाला संपन्न

## गांव चलो अभियान को जनव्यापी बनाना हमारा दायित्व है- फग्गनसिंह कुलस्ते

मण्डला यशोः- भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा ग्रामीण मण्डल मण्डला की गांव चलो अभियान कार्यक्रम की कार्यशाला आयोजित हुई इस अवसर पर मण्डला सांसद केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि गांव चलो अभियान में मण्डल स्तर के संगठनात्मक संरचना को प्रभावी रूप से प्रत्येक जि मेदार कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों को बूथ स्तर पर भेजकर बूथ के सशक्तिकरण कार्यक्रम में लगाये तथा बूथ स्तर पर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही तक पहुंचा या नहीं उसकी जानकारी लेकर उन्हें हर संभव मदद करना इस अभियान की मूलअवधारणा है यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के अलावा नगरीय क्षेत्र में भी चलेगा। गांव चलो अभियान को सर्वस्पर्शी व जनव्यापी बनाने के लिए इस कार्यशाला में अनेक विषयों से अवगत कराया गया है। श्री कुलस्ते ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मु यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे इसके लिए यह अभियान निरंतर चलाया जायेगा जो भी नागरिक सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये हैं उनके परिवार तक योजनाओं का लाभ दिलाना भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों की जि मेदारी तय की गयी है। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे इस कार्यक्रम को संगठन ऐप व नमो ऐप में अपलोड करना सभी जि मेदार कार्यकर्ताओ के लिए आवश्यक है ताकि मण्डला जिले में चल रहे कार्यक्रम की प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व समीक्षा कर सके। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र में भाजपा के पूर्णकालिक कार्यकर्ता को भेजा जा रहा है। यहां निरंतर संगठन के कार्य स्थानीय वरिष्ठजन नागरिकों के साथ मिलकर संगनात्मक कार्य करेंगे तथा भाजपा के संगठन के विस्तार में भी अपनी भूमिका निभायेंगे। जिलाध्यक्ष श्री द्विवेदी ने कहा कि 3 दिवसीय इस अभियान में सभी कार्यकर्ता अपने दायित्व वाले क्षेत्रों में 24 घंटे गांव में रहकर बूथ सशक्तिकरण कार्य को मजबूती के साथ पूरा करेंगे। मण्डल प्रभारी श्री विनोद कछवाहा ने कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को कहा कि हमें प्रत्येक बूथ पर भाजपा का 51 प्रतिशत वोट बढाना है। मतदाता सूची का अवलोकन कर नये मतदाताओं को जोड़ना तथा जो मतदाता बाहर चले गये हैं अथवा नहीं हैं उन्हें मतदाता सूची से कटाने का काम सजगता से किया जाना आवश्यक है। कार्यशाला को राजेश पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि अनेक बूथ ऐसे हैं जहां निरंतर भाजपा का वोट प्रतिशत नहीं बढ रहा है इसलिए इन बूथों पर पूरी टीम संपर्क स्थापित कर उसके जमीनी कारणों का पता लगाकर वोट प्रतिशत बढ़ने का कार्य करेंगे। कार्यशाला की प्रस्तावना गांव चलो अभियान के सहप्रभारी ललित लोधी ने व्यक्त कर गांव चलो अभियान की जिले की तैयारियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन टेकचंद्र पंद्रो, मुकेश विश्वकर्मा ने किया मण्डल अध्यक्ष सूर्यकांत जंघेला ने आभार व्यक्त किया।

# रामायण केन्द्र ने किया संतो का स मान

मण्डला यशोः- रामायण केन्द्र भोपाल के अध्यक्ष और निर्देशक डॉ टर राजेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर जिला ईकाई मण्डला के द्वारा 21 एवं 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के पुजारियों का स मान किया गया। संयोजक सुधीर कांसकार ने बताया कि पुजारियो के साथ संत समाज का भी स मान किया गया है। यहां स्वामी सारदात्मनंद जी महाराज रामकृष्ण सेवा आश्रम देवदरा, रामदास जी महाराज सूर्यमंदिर नावघाट, सच्चिदानंद जी महाराज सूर्य मंदिर नावघाट, धर्मगुरू पं. नीलू महाराज वरदान आश्रम अंजनिया, पं. रामनाथ



शास्त्री जी महाराज एवं सराफा बाजार स्थित श्रीराम मंदिर के पंडित राम छवीले मिश्रा व श्रीराम मंदिर ट्रस्ट पड़ाव के पुजारी बसंत दीपू तिवारी का शॉल श्रीफल व पुष्पमाला से स मान करते हुए उन्हें आयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बधाई दी गई। इस अवसर पर समाजसेवी नीरज अग्रवाल ने संत समाज का अभिवादन करते हुए उनके द्वारा धर्म और समाज में क्रांति की अलग जगाने के लिए आभार व्यक्त किया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297